तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

10 बिजली न आने से गुस्साए किसानों ने जींद-कैथल मार्ग पर लगाया जाम

10 निष्पक्ष भाव से समस्याओ का समाधान करे : डीसी

खबर संक्षेप

रेलगाड़ी में महिला का बैग छीना

जींद। चंडीगढ़ से जयपुर जा रही रेलगाड़ी में नरवाना रेलवे स्टेशन के निकट एक व्यक्ति महिला यात्री का पर्स छीन कर फरार हो गया। पर्स में आठ हजार रुपये की नगदी व जरूरी कागजात थे। रेलवे पुलिस ने महिला यात्री की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात युवक महिला के जेवरात छीनकर फरार

कैथल। चीका पुलिस ने छीनाझपटी एक मामला दर्ज किया है। भागल की दयाल देवी नामक महिला ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि 14 जुलाई को जब वह हरिगढ़ किंगण के निकट से गुजर रही थी तो अज्ञात उसे बातों में लगाते कानों की बाली छीन कर फरार हो गए। छीनी गई बालियों की कीमत हजारों रुपये बताई गई है।

बिजली निगम एससी के चालक पर हमला

जींद। नरवाना में शाम को दौड़ लगा रहे बिजली निगम अधीक्षक अभियंता के चालक पर कार सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चमेला कालोनी निवासी प्रदीप ने पुलिस को शिकायत दी है।

हनुमान वाटिका के पास से बाइक चोरी

कैथल। कैथल की हनुमान वाटिका के निकट से कर एक बाइक चुरा कर ले गए। गांव नरड के तरसेम सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में रोक लगाया है कि 13 जुलाई को चोर हनुमान वाटिका कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल राममेहर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चिकित्सक के क्वाटर का ताला तोड़ जेवर निकाले

जींद। नागरिक अस्पताल में चोरों ने महिला चिकित्सक के क्वाटर का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। चिकत्सिक की मां की शिकायत मे चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भगवतीपुर निवासी उर्मिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी नागरिक अस्पताल में चिकित्सक है।

महिला की हत्या का आरोप, मामला दर्ज

कैथल। शहर पुलिस ने महिला की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में धर्मपाल निवासी बडाला जिला हिसार ने आरोप लगाया है कि उसने लड़की की शादी जखोली के दिलवाग के साथ की थी। बाद में दिलबाग घर छोड़कर चला गया तो इसी दौरान सुनील निवासी बुढ़नपुर जिला जींद जबरदस्ती उसकी लड़की के साथ रहने लगा था।

महिला से अश्लील हरकत, चार पर केस

जींद। गांव बसीनी में महिला से अशखेल हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभन्नि भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बसीनी निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

चोरी के आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

कैथल। पुलिस ने दुकान से जेवर चोरी मामले में दो आरोपी काबू किए गए हैं। मामले में थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर बीर सिंह की अगुवाई में एएसआई जयभगवान सिंह की टीम ने जांच करते हेनपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवासी आरोपी बादशाह काजी व मदरा जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवासी शेख अजहर अली को काबू किया।

जिप की ग्रांट वितरण व विकास कार्य समीक्षा विशेष बैठक में जरूरत थी 20 सदस्यों की पहुंचे 19

किसी ने स्विच ऑफ किया तो किसी ने भरी हां, फिर भी नहीं पहुंचा सदन

उप प्रधान कोरम पूरा नहीं होने का दावा कर निकल गए बैठक शुरु होने से पूर्व

कोरम पूरा करने के लिए करीब ढ़ाई घंटे तक चली खूब जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद की ग्रांट वितरण व विकास कार्य समीक्षा की विशेष बैठक सोमवार को कोरम पूरा न होने के कारण शुरू होने के साथ स्थगित हो गई। विशेष बैठक का कोरम पूरा होने के लिए 20 सदस्यों की जरूरत थी। जबकि सदन मे 19 सदस्य ही पहुंचे। जिसमें अध्यक्ष समर्थक 14 पार्षद तथा पांच ब्लॉक समिति चेयरमैन शामिल थे। जिप अध्यक्षा खेमे ने अढ़ाई घंटे एक सदस्य का इंतजार किया लेकिन 20 वां सदस्य सदन में हाजिर नही हुआ। सदस्य के न पहुंचने पर सदन की कार्रवाई शुरू होने के साथ स्थगित की घोषणा जिप अध्यक्षा ने कर दी। यह लगातार तीसरा मौका है जब जिप की बैठक स्थगित हुई है। जिसके साथ जिप की राजनीति गर्माने की तरफ इशारा कर रही है। जिप की ग्रांट वितरण तथा विकाय कार्यों की समीक्षा को लेकर विशेष बैठक दो बार पहले स्थगित हो चुकी है। तीसरी बार बैठक सोमवार को डीआरडीए हाल में साढ़े 11 बजे बुलाई गई थी। 12 बजे तक उनके समर्थक पार्षद तथा ब्लॉक समिति चेयरमैन सदन में पहुंच चुके थे। दोपहर बाद डेढ़ बजे जिप सीईओ डा. किरण सदन में पहुंची। कुछ समय के बाद जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा भी सदन में पहुंच गई। एक सदस्य के आने को इंतजार करते हुए दो पार्षदों तथा एक ब्लॉक समिति चेयरमैन ने अपनी समस्या भी रखी। बावजूद इसके 20वां सदस्य सदन में नही पहुंचा। कोरम पूरा न होने पर जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा ने बैठक को स्थगित कर दिया। जिप के कुल 41 सदस्य हैं। जिसमे 25 जिप पार्षद, आठ ब्लॉक समिति चेयरमैन, पांच विधायक तथा तीन सासद शामिल हैं। एक जिप पार्षद की सदस्यता रद्द हो चुकी है। अब सदस्यों की संख्या 40 रह गई है।

जींद। बैठक में मौजूद जिप अध्यक्ष मनीषा रंधावा, सीईओ डा. किरण सिंह।

अध्यक्षा जजपा समर्थक, टूट चुका गठबंधन, कौन बनेगा सहारा

मनीषा रंधावा जजपा समर्थक रही हैं। उन्होने भाजपा प्रत्याशी को एक मत से हराया था। उस दौरान जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार का हिस्सा थी। गठबंधन लोस चुनाव से पहले टूट चुका है। कोरम पूरा न होना आगामी राजनीतिक संकट की तरफ इशारा करता है। क्योंकि दुष्यंत चौटाला समेत तीन जजपा के विधायक हैं। नरवाना के विधायक पार्टी बागी हो चुके हैं। जुलाना विधायक भी सदन में नही पहुंचे। कांग्रेस विधायक से संपर्क साधा तो वह आने की बात कहते रहे थे लेकिन वह व्यस्त होने के कारण सदन में नही पहुंचे।

मेरे साथ 14 पार्षद : अध्यक्षा

जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा ने कहा कि 24 मे से 14 जिला पार्षद उनके साथ मौजूद थे। पांच ब्लाक समिति सदस्य भी पहुंचे थे। बैठक को चलाने के लिए 20 सदस्यों का होना जरूरी था। कोरम पूरा न होने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया है। जल्द दूसरी तारिख घोषित की जाएगी।

बिना हिस्सा लिए निकले उपप्रधान

जिप के उप प्रधान सतीश हथवाला डीआरडीए तो पहुंचे लेकिन दोपहर पौने एक बजे तक इंतजार भी किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि कोरम पूरा होने वाला नही है। वे बैठक का हिस्सा बने बिना वहां से निकल गए।

कोरम पूरा न होने पर बैठक स्थगित

जिप की विशेष बैठक की तारिख पहले घोषित कर दी गई थी। सभी सदस्यों को एजेंडे भेज जा चुके थे। बैठक को लेकर अध्यक्ष खेमा लगातार सदस्यों को फोन करता रहा। कुछ के फोन स्विच ऑफ आते रहे। एक विधायक समेत एक सदस्य से संपर्क हुआ तो विधायक ने बैठक में आने की बात कही। सदस्य को लेने के लिए गाड़ी को दोड़ा दिया। पौने दो बजे सदस्य को लाया गया तो विधायक नही पहुंचे। जिस ब्लॉक समिति चेयरमैन को सफीदों से भेजा गया। उसने पहले रास्ते में बताया, फिर उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। काफी इंतजार के बाद कोरम पूरा न होने पर बैठक को स्थगित कर दिया गया।



जींद। कंप्यूटर प्रोफेशनल की हडताल के चलते खाली पड़ी कुर्सियां। *फोटो :हरिभूमि*

कंप्यूटर आप्रेटर की हड़ताल से कामकाज तथा सेवाएं प्रभावित

- कामकाज के सिलसिले में आए लोग भटकते रहे कार्यालय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर सोमवार को कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते सरकारी कार्यालयों का कामकाज ठप रहा। जिसके चलते सरकारी सेवाएं भी बुरा तरह प्रभावित रही। सरकारी कार्यालयों में कामकाज के सिलसिले में आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को जिले में तहसील कार्यालय में एक भी रजस्टिरी नहीं हो पाई। जिसके चलते सरकार को लगभग पांच करोड़ का राजस्व नही मिला। वहीं इंतकाल, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, जमाबंदी का काम भी नही हो पाया। जिला के कंप्यूटर ऑपरेटर शत-प्रतिशत हड़ताल पर रहे। तहसील कार्यालय तो पूरी तरह से सुनसान नजर आ रहा था। लोग सुबह से ही तहसील कार्यालय में लाइनों में लगे थे लेकिन बाद में जब पता चला कि कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं तो लोग बैरंग ही वापस लौट गए। वहीं ई-दिशा केंद्र में भी लोग परेशान रहे। वहां आधी से ज्यादा सीटें भी खाली थी। ड्राइविंग, आरसी समेत अन्य कई कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को बिना कार्य करवाए वापस लौटना पड़ा।

गौरतलब है कि कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सोमवार से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हुआ था। उन्होंने करनाल में डेरा डाल दिया है। कंप्यूटर ऑपरेटर का कहना है कि सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी पिछले लंबे समय से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जॉब सक्यिोरिटी देने और जल्द से जल्द स्पेशल रेगुलराइजेशन पॉलिसी लाई जाए लेकिन सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रही। इसीलिए कंप्यूटर ऑपरेटरों ने हड़ताल करने का फैसला लिया है। अब कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मांगे मनवाने के लिए लंबी लड़ाई लडऩे के लिए तैयार हैं।

हत्या के चार दिन बाद आश्वासन पर अंतिम संस्कार

- पुलिस ने ली राहत की सांस, दो आरोपित काबू, लिया रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव आसन में झगड़े में मरे व्यक्ति का पुलिस द्वारा आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के साथ तीसरे दिन सोमवार को परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। शव को परिजनों ने गांव की चौपाल में रखा हुआ था।

अंतिम संस्कार के साथ पुलिस ने भी रहत की सांस ली है। वहीं सदर थाना पुलिस ने हत्या में शामिल दो लोगों गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। **क्या है मामलाः** गांव आसन में गत 11 जुलाई रात को बलबीर परिवार तथा रामकुश परिवार पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हो गया था। जिसमें बलबीर को गंभीर चोटें आई थी। जिसकी 12 जुलाई को पीजाआई मे उपचार के दौरान मौत गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई लीला राम की शिकायत पर रामकुश, वक्किी, सुरजभान, मनोज, सुरजभान, रामचंद्र, बीरभान, भीरा, बसी, रामदास, बबली, पूजा, बबली, जोगेंद्र, मीरा के खिलाफ हत्या समेत विभन्नि भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

जींद। पुलिस गिरफत में हत्यारोपित। *फोटो :हरिभूमि*

दोषियों को किसी सूरत में नही बख्शा जाएगा

सदर थाना प्रभारी सतनारायण ने बताया कि हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। मृतक का अंतिम सस्कार भी करवा दिया गया है। दोषियों को किसी भी सूरत में नही बख्शा जाएगा।

कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हड़ताल के चलते सोमवार को राजौद उप तहसील परिसर में काम करवाने आए ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ा। कमरे में लटक रहे ताले को देखकर लोगों के हाथ में मायूसी लगी।कई ग्रामीणों ने बताया कि आज टोकन लगने थे और कल रजिस्ट्री होनी थी लेकिन ऑपरेटर की हड़ताल से सारे काम रुक गए हैं। कई लोग यहां जमाबंदी लेने के लिए आए थे बताया कि उनके भी काम रुक हैं। बता दें कि यहां मंगलवार व शुक्रवार को रजिस्ट्री होती है और 30 से 40 रजिस्ट्री एक सप्ताह में हो जाती हैं। इससे सब कार्य चौपट हो गए हैं। आसपास के 17 गांव का कार्य राजौंद तहसील से जुड़ा हुआ है। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने 15 जुलाई से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने की घोषणा पहले ही की हुई थी। इसके संदर्भ में तहसील कार्यालय में सीएम के नाम ज्ञापन सोपा गया था।

मुख्य मांगें

मुख्य मांगें केंद्रीकरण करते बजट का प्रावधान किया जाए, सभी कार्य कर्मचारियों के पद सर्जीत किए जाएं, हरियाणा सरकार द्वारा जो नियमितीकरण की पॉलिसी तैयार की जा रही है उसमें डी आई टी एस के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को शामिल करते हुए नियमित किया जाए, नियमितीकरण की पॉलिसी जब तक लागू नहीं हो जाती तब तक 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, हरियाणा कोशल रोजगार निगम में भेजे गए सभी कर्मचारियों को शामिल किया जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए, डी आर डी ए रेड क्रॉस के अधीन कार्य सभी कर्मचारियों को भी लाभ प्रदान किया जाए, इन सभी मांगों को लेकर 15 जुलाई से हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सभी सदस्य प्रदेश व्यापी हड़ताल पर हैं।

दो किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती के साथ तस्कर गिरफ्तार

- सहयोगी सूत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी नारकोटिक सेल ने थाना ढांड क्षेत्र से एक नशा तस्कर को दो किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान बिहारी दास चौंक ढांड पर मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि गांव रानीगंज जिला पटना बिहार निवासी धर्मेंद्र अनाज मंडी ढांड के सामने एक घर में किराये पर रहता हैं जो अपने किराये के मकान से ग्राहकों को नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता हैं। जो अभी ग्राहकों को गांजा फूल पत्ती बेचने के लिए अपने घर से बहार जाने वाला हैं। अगर तुरंत उसके घर पर रेड की जाए तो उसको गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया जा सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने उक्त मकान पर दबिश देकर संदग्धि धर्मेंद्र उपरोक्त को काबू कर लिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे बीईओ संजय शर्मा के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से दो किलो 600 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद है।

रामकली के अशोक को पत्नी ने बेटे तथा प्रेमी के साथ साजिश रचकर दिया था जहर का इंजेक्शन

- कैमरे में मृतक को बाइक पर ले जाते समय दिखाई देने पर फूटा हत्याकांड का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रामकली में पत्नी ने अपनी प्रेमी और बेटे संग मिल कर अपने पति को योजनाबंद तरीके से जहर का इंजेक्शन देकर मारा था। आरोपितों ने मृतक को तब तक इंजेक्शन देकर दबाए रखा, जब तक मौत नही हुई। जुलाना थाना पुलिस ने आरोपित पत्नी, बेटे व उसके प्रेमी की गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपितों से हत्या के संदर्भ में तथ्यों को जुटाएगी। **क्या था मामला:** रामकली निवासी अनिल ने जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत 11 जुलाई को उसके 52 वर्षीय चाचा अशोक का शव गांव में ही मिला था। आरोप लगाए थे कि उसकी चाची के गांव के ही बिजेंद्र के साथ अवैध संबंध थे। बिजेंद्र का उसके चाचा के घर आना जाना था। उसके चाचा अशोक को पसंद नही था। अशोक की एक कनाल जमीन हडपने के लिए उसकी चाची, मृतक का बेटा अर्जुन और बिजेंद्र ने योजनाबद तरीके से उसके चाचा की हत्या की है। सबसे बडा साजिश का सबूत सीसी टीवी कैमरे मे सामने आया। जिसमें घटना वाली रात को मृतक अशोक को बिजेंद्र तथा अर्जुन बाइक ले जाते दिखाई दिए।

तथ्यो को जुटाया जा रहा

जुलाना थाना के जांच अधिकारी धर्मबीर सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने जहर का इंजेक्शन देने की बात स्वीकार की है। फिलहाल आरोपितों से हत्या से सबधित तथ्यो को जुटाया जा रहा है।

नए कानून के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में वकीलों ने नए कानून लागू होंने के खिलाफ लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। वकील डीसी कैथल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोंपने पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि जो तीन नए कानून लागू हुए है उनको वापस लिया जाए। जो पहले के कानून हैं उनको ही लागू रखा जाए। इन कानूनों में अनेक खामियां है , इससे न्यायपालिका की शक्तिया कम हुई है और पुलिस की शक्तिया बढ़ी हैं। इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा और इसमें आम जनमानस सुरक्षित महसूस नहीं कर सकता। पहले के कानून में अगर कोई आरोपी होता था तो उसे भी कुछ सुविधाए कानून द्वारा दी जाती हैं जैसे गिरफ्तारी पर उसके परिजनों को सूचना देना, 14 दिन की न्यायिक हिरासत या रिमांड लेकिन नये कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। कोई भी पुलिस अधिकारी किसी को भी जब चाहे गिरफ्तार कर सकती है और इसकी सूचना परिजनों को देना भी कोई जरूरी नहीं है। पुलिस आरोपी को 90 दिन तक न्यायिक हिरासत में रख सकती है।

समस्याओं के निवारण में सार्थक साबित हो रहे समाधान शिविर

35 शिकायतों में से नौ का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी सी.जया. श्रद्धा ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निवारण में प्रदेश सरकार की नई पहल समाधान शिविर सार्थक साबित हो रहे है। संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में हर कार्य दिवस में समाधान शिविर लगाकर आमजन की सुनवाई कर रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्या के समाधान करने में कारगर सद्धि हो रहे हैं। शिविर में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज आय का विवरण सुधारने समेत 35 शिकायतें आई जिसमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, बाकि बची शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में एसपी उपासना भी उपस्थित थी। डुलियानी निवासी राम कुमार ने बताया कि उसकी बुढ़ापा पेंशन फरवरी महीने से नहीं आ रही है। एडीसी सी. जया श्रद्धा ने संबंधित अधिकारियों को नर्दिश दिए कि मामले की जांच कर फरीयादी की जल्द पेंशन बहाल की जाए। इसी प्रकार पक्की पिसोल गांव से कृष्ण कुमार भी अपनी नई बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए समाधान शिविर में आया और जहां समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने उसकी रक्विेस्ट मुख्यालय भेज दी।

कैथल। एडीसी सी.जया. श्रद्धा लोगों की शिकायत सुनते। *फोटो :हरिभूमि*

कल्याणकारी नीतियों का लाभ उठाएं

उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया है कि सरकार द्वारा लगाए गए जा रहे समाधान शिविरों के माध्यम से अपनी शिकायतों का समाधान करवाएं और सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ उठाएं। बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड, व परिवार पहचान पत्र से संबंधित आ रही समस्याओं का निदान भी मौके पर ही कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में अपनी आय कम करवाने के लिए पहुंचे लोगों से अधिकारियों ने आवेदन पत्र के साथ स्वयं का एक शपथ पत्र जरूर दें।

राजौंद। रोहेडा के सरकारी स्कूल के सामने गली में भरा पानी दिखाते ग्रामीण।

दूषित पानी की निकासी न होने से विद्यार्थी परेशान

राजौंद। रोहेड़ा के सरकारी स्कूल के सामने से गुजरने वाली गली में पानी भरने से स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि गली में इतना पानी है कि खाली व्यक्ति पैदल भी नहीं गुजर सकता। जिसे लेकर लोगों में भारी रोशन है। इस बारे ग्रामीण मामू प्रजापत, संदीप, रोहित, मोहित, सुमित, संजय, राहुल, रोहित, अनिल, लवली, धर्मवीर डॉक्टर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के सामने से गुजरने वाली गली में बहुत ज्यादा पानी भरा हुआ है। गली में पानी की निकासी ही नहीं की गई। जिससे पानी गली में भरने से स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस बारे कई बार प्रशासन को भी अवगत करवा चुके हैं। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है इन लोगों ने बताया कि यहां लगभग तीन स्कूल हैं जहां हजारों बच्चे प्रति दिन शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और यह गांव की मुख्य गली है जहां से लोगों का हर समय आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में गली में बरसात से पहले इतना पानी भरा हुआ है।

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नागरिकों ने किया पौधरोपण

जींद । वरिष्ठ नागरिक फोरम (रजिस्टर्ड) द्वारा अंकुर दिव्यांग शिक्षण संस्थान में दिव्यांग बच्चों के साथ मिल कर संस्थान के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। विभिन्न बच्चों द्वारा अपनी सुंदर प्रस्तुतियां पेश कर वरिष्ठजनों के मन को छू लिया। वरिष्ठ नागरिक फोरम प्रधान अविनाश चावला ने बच्चों को आशीर्वाद दिया व कार्यरत स्टाफ के परिश्रम तथा लग्न की प्रशंसा की।

संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव राजपुरा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

एबीवीपी ने लगाया हेल्पडेस्क

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद कॉलेज इकाई ने छात्रों की सहायता के लिए राजकीय पीजी कॉलेज में हेल्प डेस्क लगाया। जिला संयोजक प्रमिंद्र सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी नहीं हो उस को ध्यान में रखते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता विद्यार्थियों की सहायता कर रहे हैं। वीरसेन व प्रतीक शर्मा ने बताया की हेल्प डेस्क पर गोंद स्टैटलर पेपर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है।

मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य करें

जींद। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में एक जुलाई 2024 को आधार तिथि मानते हुए जिला में फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षप्ति संशोधन, अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है, ,उनके नाम वोटर लिस्ट से नियमानुसार हटाए जा रहे हैं।

माता भ्रामरी धाम में हुआ भोजनालय का निर्माण

उचाना । देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम परिसर में माता के भक्तों के सहयोग से भोजनलाय का नवनिर्माण किया गया। भोजनालय को एयरकंडीशनर बनाया गया है ताकि यहां पर प्रसाद ग्रहण करने वालों को गर्मी के मौसम में परेशानी न हो। पहले जो भोजनालय था उसी की जगह ही नए सिरे से इसका निर्माण किया गया।

हार्दिक ने रजत तो पायल ने जीता स्वर्ण पदक

जींद। आधारशिला विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा पायल ने पटियाला में आयोजित खेलो इंडिया वुशु महिला लीग में स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर है। वहीं 9वीं कक्षा के विद्यार्थी हार्दिक खटकड़ ने जिला स्तर पर आयोजित अंडर-17 में बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है।

नंदीशाला में लेकर आए जेसीबी मशीन

उचाना । शहर की नंदीशाला में निरंतर सहयोग करने वालों की संख्या बढ़ रही है। नंदीशाला में कमरें, गायों के लिए शैड निर्माण सहित अन्य सहयोग राशि समाज सेवी लोग दे रहे है। नंदीशाला में बीमारी होने पर जिन गायों की मौत हो जाती थी उनको मिट्टी में दबाने के लिए किराए पर जेसीबी मशीन लेकर आनी पड़ती थी।

साक्षरता प्रकोष्ठ स्पर्धा में लहराया परचम

सफीदों। सफीदों के राजकीय मॉडल संस्कृति वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय के बच्चों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिता कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रतियोगिता में में अपना लोहा मनवाया है। डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि होनहार वद्यिार्थियों ने कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रतियोगिता के तहत विभन्नि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया।

एसडीओ के आश्वासन के बाद माने किसान, खोला जाम

बिजली न आने से गुस्साए किसानों ने जींद-कैथल मार्ग पर लगाया जाम

जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी-लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

बधाना एपी फीडर (एग्रीकल्चर फीडर)पर करीब एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से न चलने से गुस्साए नगूरां गांव के किसानों ने सड़क के बीचों-बीच बैठकर सोमवार को नौ बजे से 10 बजे तक निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर नगूरां बिजली पावर हाउस के सामने जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी बनवारी लाल तथा नगूरां निगम एसडीओ आन्नंद कुमार मौके पर पहुंचे तथा किसानों को खेतों की नर्बिाध रूप से सप्लाई देने का आश्वासन देकर करीब एक घंटे बाद जाम खुलवा दिया। किसानों का कहना था कि अगर शाम तक उनकी बिजली समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दोबारा से किसान मार्ग जाम करने पर विवश होगें। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। जाम के कारण यात्रियों को गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जाम लगा रहे नगूरां गांव के किसानों ने बताया कि करीब एक सप्ताह से बधाना एपी फीडर (एग्रीकल्चर फीडर)पर किसानों को सुचारू से बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। किसानों का कहना था कि धान का सीजन होने के बावजूद भी बधाना एपी फीडर पर करीब एक सप्ताह से बिजली सुचारू रूप से नहीं चल रही है। खेतों में लगाई धान की पौध सूख गई है। निगम प्रशासन द्वारा किसानों को शैड्यूल के हिसाब से बिजली नहीं देकर केवल मात्र दो से तीन घंटे ही सप्लाई दी जा रही है। मामले को लेकर शेड्यूल के हिसाब से बिजली देने बारे बात कही जाती है तो कर्मचारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। यहीं नहीं समस्या को लेकर कार्यालय के कर्मचारियों तथा अधिकारियों से बात करने के लिए निगम में जाते हैं तो वहां पर कोई कर्मचारी तथा अधिकारी नहीं मिलता है। कर्मचारियों तथा अधिकारियों से बिजली समस्या को लेकर फोन पर बात करने की कोशिश करते हैं तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाए जाते। आखिरकार किसानों ने बिजली समस्या को लेकर मजबूरी वश जींद-कैथल मार्ग को जाम करना पड़ा।

जींद। जींद-कैथल मार्ग पर नगूरां गांव में जाम लगाते किसान। फोटो :हरिभूमि

जींद। जाम लगा रहे किसानों को समझाते अलेवा थाना प्रभारी बनवारी लाल व निगम एसडीओ आन्नद कुमार। फोटो :हरिभूमि

कर्मियों पर किसानों ने परेशान करने का लगाया आरोप

किसानों ने बताया कि आए दिन कर्मचारी लाइन में फाल्ट आने का बहाना बनाकर उनकी तरफ चलने वाली लाइन का हैंडल काट देते हैं और दूसरी लाइन के लोगों को जानबूझकर शैड्यूल के हिसाब से भी ज्यादा बिजली आपूर्ति की जाती है। जिसके कारण किसानों ने कई बार कर्मचारियों तथा अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने उनकी बातों की तरफ किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण किसानों ने कर्मचारियों तथा अधिकारियों पर उनकी लाइन के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ निगम एसडीओ ने किसानों की शिकायत पर जांच करने की बात कही है।

पुलिस ने वाहनों को किया डायवर्ट

पुलिस ने जींद-कैथल मार्ग पर लगे जाम के कारण यात्रियों की सुरक्षा के लिए वाहनों को शाहपुर वाया जीवनपुर डायवर्ट कर नगूरां के लिए रवाना किया। हालांकि दुपहिया वाहन चालक लंबे रूट से बचने के लिए खेतों के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचते दिखाई दिए। वहीं जाम लगा रहे किसानों ने एंबुलेंस या फिर जरूरी सामान वाले वाहनों को जाम के रास्ते से ही गुजरने दिया। यात्रियों को जाम के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पीने के पानी के भी पुख्ता प्रबंध दिखाई दिए।

जींद। कांग्रेसी नेता प्रदीप गिल लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जींद विधानसभा में विकास कार्य ठप : प्रदीप गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर की टपरीवास कॉलोनीए दुर्गा कॉलोनी व राम कॉलोनी में कांग्रेसी नेता प्रदीप गिल ने दौरा कर लोगों से मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जींद विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। कॉलोनी की जनता पानी निकासीए बेहतर गलियों और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। बारिश के मौसम में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर वह डप्रिशन जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जींद की हालत इतनी खस्ता है कि बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आता है। गलियों की स्थिति बदतर है, स्वच्छ पेयजल की सुविधा भी अधिकांश क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं है जिससे लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रदीप गिल ने बताया कि पिछले दस वर्षो में गरीब किसान और दलित वर्ग के लिए भी कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। यह देखकर उनको गहरी पीड़ा होती है।

17 जुलाई से खुल जाएगा फ्रेश रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल

नरवाना। उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद 17 जुलाई को उन विद्यार्थियों की फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी जिन विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया था । के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के दाखिला नोडल प्रोफेसर मोहित ने बताया कि तीसरे चरण की फिजिकल काउंसलिंग के लिए वे सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिनका नाम पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आ चुकने के बाद फीस नहीं भर पाए और जिनका किसी भी मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आया। फ्रेश रजिस्ट्रेशन के लिए भी 17 जुलाई से ही पोर्टल खुल जाएगा इस पोर्टल के माध्यम से वे सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ।

---

18 करोड़ के कार्यों को लेकर मंथन

- जींद विधायक ने की एचएसवीपी चीफ एडमिनिस्ट्रेटर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने सोमवार को एचएसवीपी के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर टीएल सत्यप्रकाश से मुलाकात की और जींद के 18 करोड़ रुपये के कार्यों को लेकर मंथन किया। एडमिनिस्ट्रेटर ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही जो कार्य उनके द्वारा बताए गए हैं, उन्हें प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का काम किया जाएगा। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि सेक्टर आठ में ओपन जिम के लिए चार लाख दस हजार, मेन वाटर वर्कर्स टयूब्वैल बोरिंग के लिए 29 लाख 15 हजार, अर्बन एस्टेट में सीवरेज लाइन बिछाते खराब सड़कों के सुधारीकरण को लेकर 30 लाख 27 हजार, सीवरलाइन की सफाई के लिए 11.94 लाख, सेक्टर में सड़क सुधारीकरण के लिए 11.66 लाख, सेक्टर सात में सीवर पाइपलाइन, पेयजल लाइन के लिए 24.39 लाख, सेक्टर छह में पार्किंग, वाटर सप्लाई, सीवरेज व्यवस्था के कार्य के लिए 94.42 लाख रुपये, सेक्टर आठ के मेन पार्क में शौचालय निर्माण के लिए 7.98 लाख, शॉपिंग कॉम्पलेक्स सुधारीकरण के लिए 8.23 लाख, सेक्टर आठ में शॉपिंग काम्पलेक्स के लिए 3.12 करोड़ रुपये का रफ एस्टीमेट की सूची सौंपी है।

जींद। एचएसवीपी चीफ एडमिनिस्ट्रेटर से मिलते विधायक डा. मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

20 दिवसीय मूर्तिकला कार्यशाला की शुरुआत

जींद। हरियाणा कला परिषद एवं गोपाल विद्या मंदिर की संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय मूर्ति कार्यशाला का आयोजन गोपाल विद्या मंदिर परिसर में सोमवार को विधिवत रूप से शुरुआत की गई। डा. प्रियदर्शी ने कहा कि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल कला के विभन्नि विधाओं पर कार्य करती है। जिससे नए कलाकार उभर कर अपनी कला को जीवित रूप प्रदान कर सकते हैं। कला व्यक्ति को आत्मिक शांति प्रदान करती है और मनोयोग एकाग्रता हो इसमें भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है अध्यक्षता विनोद वशिष्ठ निर्देशक स्वामी गणेशानंद ट्रस्ट ने की। कार्यशाला में प्रशक्षिक प्रदीप कुमार मूर्तिकार व सुमित कुमार बच्चों को मट्टिी से बनी मूर्ति एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी टाइल कार्विंग करके कैसे मूर्तियां बनाई जाती है।

समस्याओं को लेकर वीसी से मिले छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में किसान छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति डा. रणपाल सिंह को छात्रों को आ रही परेशानियों से अवगत करवाया। इकाई महासचिव वेद पाथरी के सनिध्य में इकट्ठे हुए। पुस्तकालय में पढऩे वाले सभी विभाग के छात्रों ने समस्याओं के बारे में वेदपाल पाथरी को बताया। वेदपाल ने कहा कि कई दिनों से रीडिंग रूम की एसी खराब है, जिसको लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका था लेकिन एसी मरम्मत होने के बाद भी एक.दो दिन बाद वापस खराब हो जाती है। उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि पुस्तकालय के रीडिंग रूम में बच्चों के बैठ कर पढऩे की कुर्सियों की क्षमता भी कम है, उसको बढ़ाया जाना चाहिए। अरविंद मुंडे ने कहा कि छात्रों को बार-बार इस समस्या सामना करना पड़ रहा था। रीडिंग रूम में भीड़ ज्यादा होने से उमस बन जाती थी। जिससे छात्रों का बुरा हाल होता है। सभी छात्रों कुलपति महोदय से मिले और जल्द से जल्द इस समस्या के निदान की बात कही। कुलपति डा. रणपाल सिंह सिंह ने जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान की बात कही और कहा कि छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। नेहा, सरिता, अनामिका, मोनिका, निधि, संजय, अरुण, शिवानी आदि मौजूद रहे।

जींद। समस्याओं का ज्ञापन वीसी को सौंपते वीसी। फोटो :हरिभूमि

जींद। रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते डा. भोला। फोटो :हरिभूमि

शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित

जींद। गांव कुचराना कलां चौपाल में सोमवार को रिषिपाल के बेटे परमीत के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के डप्टिी एमएस डा. राजेश भोला, ब्लड बैंक इंचार्ज डा. सोनल ने शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगा कर हौंसलाअफजाही की। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में सरपंच सत्यवान फौजी, विनोद, रामनिवास भी मौजूद रहे। डप्टिी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है और हर व्यक्ति खासकर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। रक्तदान करने से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार व गौरव अनुभव होता है। मानव रक्त का वैज्ञानिक भी कोई विकल्प नहीं निकाल पाए हैं। आवश्यकता होने पर खून की पूर्ति केवल मानव रक्त से ही हो सकती है।

किसान व खाप नेता टेकराम कंडेला को राज्यसभा सांसद मनोनीत करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व खाप व जनकल्याण मंच भारतीय किसान मजदूर यूनियन संयुक्त संगठन ने हरियाणा की राज्यसभा सीट पर सभी राजनीतिक दलों व विधायकों ने किसान व खाप नेता टेकराम कंडेला को बनाए जाने की मांग की है। हरियाणा किसान यूनियन के प्रधान हजूरा सिंह व सर्वखाप पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभेराम कंडेला ने बैठक के बाद कहा कि सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जनकल्याण मंच व भारतीय मजदूर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने लगभग 40 वर्षों से खाप पंचायत व किसान संगठनों के कार्य करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। जैसे समाज में युवाओं में नशे को रोकना, पर्यावरण व जल बचाना, प्राकृतिक खेती व मोटी खेती को बढ़ावा देना, आपसी झगड़े सुलझाना, 36 जाति के भाईचारे को मजबूत करना, हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव करवाना, एक गांव-एक गौत्र पर शादी पर रोक लगवाना, लीव इन रिलेशनशिप को खत्म करना आदि मुद्दों पर लंबे समय से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा की राजनीति का केंद्र बिंदू है। यहीं से सब आंदोलन व खाप पंचायत की आवाज उठाई जाती है। इसलिए हरियाणा के सभी राजनीतिक दलों ने चाहिए कि ऐसे आदमी को जो इमानदारी से सर्वसमिति से राज्यसभा सीट का उम्मीदवार बनाना चाहिए। बैठक में सुभाष छात्तर, अजमेर दालमवाला, धर्मपाल खटकड़, जनकल्याण मंच के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भीरा दालमवाला, राकेश, रामकिशन रेढ्ढू, नंदीराम वाल्मीकि, छज्जू सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

अलेवा। नगूरां के एक नीजि होटल में पंचों को संबोधित करते वक्ता।

सुदेश नगूरां पंच एसो प्रधान व नरेश बने उपप्रधान

अलेवा। अलेवा ब्लाक के विभिन्न गांवों के पंचों ने अपनी समस्याओं को लेकर नगूरां गांव के एक नीजि होटल में एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महिला पंच सुदेश नगूरां ने की। सर्वसम्मति से पंचायत पंच अलेवा खंड की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें महिला पंच सुदेश नगूरां को प्रधान, नरेश पेगां तथा संदीप थुआ को उप प्रधान, कुलदीप खांडा को महासचिव, सतबीर पेगां को कैशियर, रवद्रिं बिधाना तथा मोहनचांदपुर को सहसचिव बनाया गया। पवन डाहौला को प्रैस प्रवक्ता तथा कुलवंत डाहौला को सलाहकार नियुक्त किया गया। नव नियुक्त प्रधान महिला सुदेश नगूरां ने पंचों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सर्वसम्मति से जो पंचों के हकों के लिए जम्मिेदारी सौंपी है। उसका पूरी ईमानदारी व नष्ठिा से नर्विाह करने का काम किया जाएगा। पंचों की आवाज प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाई जाएगी। पंचों के अधिकारों के लिए सभी ने एक जुट होकर लड़ाई लडनी होगी। इसके लिए सभी पंच अपने-अपने गांव में पंचों से संपर्क करें ताकि उनकी आवाज बुलंद हो सके। उन्होंने कहा कि कमेटी का गठन सभी गांव के पंच सदस्यों की मेहनत के बलबूते पर हुआ है।

---

115 शिकायतों में से अधिकत्तर का मौके पर ही समाधान

निष्पक्ष भाव से समस्याओं का समाधान करे : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। उन्होंने सभी अधिकारियों को नष्ठिा एवं नष्पिक्ष भाव से आमजन की समस्याओ का समाधान करने के नर्दिेश दिए। जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। सोमवार को समाधान शिविर में कुल 115 समस्याएं आई। जहां उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि समाधान शिविरों में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ दूर करने में लगे हुए हैं। शिविर में आने वाले फरियादी सरकार कि इस पहल की सराहना कर रहे है बहुत सारे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकतर शिकायते फेमिली आईडी दुरूस्त करवाने, आपसी झगड़ों, शिविरों के रखरखाव, बुढ़ापा पेंशन से संबंधित आ रही हैं। सभी समस्याओ का प्राथमिकता के आधार पर तुरंत समाधान को लेकर जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रहा है। सोमवार को समाधान शिविर में लाजवाना कलां गांव निवासी रमेश अपने प्लॉट से नाजायज कब्जा हटवाने के लिए अपनी अर्जी लेकर आए थे। इसी प्रकार गांव उझाना से महिपाल सोलर पंप लगवाने की मांग लेकर आया। वहीं जींद से कुछ शिकायतकर्ताओं ने बताया कि राजवाहा नम्बर सात पर सड़क नर्माण की वजह से सीवरेज का मेनहॉल नीचे दबने के कारण ब्लॉक होने के आसार बने हुए है। जिस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के नर्दिेश दिए। इसी प्रकार कुछ फरियादी अपनी पेंशन बनवाने आए थे। समाधान शिविर में जिला नगर आयुक्त विरेंद्र सहरावत, एसडीएम राकेश सैनी, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

जींद। वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने नर्विाचन कार्यालय के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-नर्दिेश दिए। उन्होंने वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस गार्द को भी सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा। उन्होंने चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा से वेयर हाऊस में रखें बॉक्स बारे जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसी टीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को भी जांचा। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान डबल लॉक सस्टिम, सीसी टीवी कैमरे, पुलिस बल की तैनाती तथा अग्निशमन उपकरणों आदि का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चुनाव नायब तहसीलदार को नर्दिेश दिए कि वे ईवीएम वेयर हाउस में व्यवस्था दुरूस्त रखें। ईवीएम वेयर हाउस में जिस भी अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाती है उसे अग्निशमन उपकरणों की ट्रेनिंग दिलवाना सुनश्चिति करें।

खबर संक्षेप

बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओ.एस.डी.ए.वी बना चैंपियन

कैथल। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा 13 तथा 14 जुलाई को कैथल बैडमिंटन एकेडमी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें ओ.एस.डी.ए.वी स्कूल के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंडर- 11 में पार्थ डल ने सिंगल व डबल कैटेगरी में खेलते हुए स्वर्ण पदक ,अंडर- 13 में हितेन बधवा ने डबल में स्वर्ण तथा सिंगल में कांस्य पदक प्राप्त किया

कंप्यूटर आपरेटरों ने की हड़ताल, कामकाज ठप

कैथल। हरियाणा के सरकारी कार्यालयों में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की राज्यव्यापी हड़ताल के आह्वान के चलते कैथल के लघु सचिवालय में भी हड़ताल का असर देखने को मिला। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ से जुड़े कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर रहे। इस कारण कामकाज ठप रहा ई-दिशा केंद्र बिल्कुल खाली देखने को मिला। इसके अलावासब स्टेशनो के ई-दिशा केंद्रों में भी काम ठप रहे।

हमारे दरवाजे सभी के खुले चाहे किसी ने मुझे वोट दी या नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच देश को विकसित बनाना : नवीन

गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने पगड़ी पहनकर सांसद नवीन जिंदल का स्वागत किया

ढांड। गांव जड़ौला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

सांसद नवीन जिंदल चुनाव जीतने के बाद अपने धन्यवादी दौरे के अंतर्गत गांव जड़ौला में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर सांसद नवीन जिंदल का फूल- मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत करने से पहले गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने पगड़ी पहनकर सांसद नवीन जिंदल का स्वागत किया। गांव जड़ौला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अपनी जीत के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि आज में आप सब की बदौलत सांसद बना हूं जिसके लिए आप सभी ग्रामीणों का तहदिल से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के हर नागरिक के लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं चाहे किसी ने मुझे वोट दी हो या नहीं जो भी हमारे पास काम के लिए आएगा हम उन सभी का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं पूरी लोकसभा कुरुक्षेत्र का हमेशा आभारी रहूंगा जिन्होंने मुझे दूसरी बार सांसद बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम किया है। गांव जड़ौला पंचायत की तरफ से सांसद नवीन जिंदल को सौंप गए मांग पत्र में से कहा कि सबसे पहले हम ऊन विकास कार्य को करेंगे जो सबसे जरूरी है इसलिए आप पहले वो काम बताएं जो सबसे जरूरी है और इसके साथ-साथ एक के बाद एक-एक करके आपकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। जिसके लिए सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया। नवीन जिंदल ने अपनी ओर से गांव जड़ौला में जिम व खिलाड़ियों को क्रिकेट की किट देने की घोषणा की। सांसद नवीन जनरल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि अपने देश को विकसित बनाना इसलिए हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि इस मुहीम में हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ दें और अपने देश को विकसित बनाने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करें। कार्यक्रम के अंत में नवीन जिंदल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान करने के आदेश दिए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, ढांड मंडल अध्यक्ष शमशेर सिंह बग्गा, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार, देवीदयाल बरसाना, सतपाल जांबा, विजेंद्र मैहला,चमेल सिंह बरसाना,जेपी मैहला,बीडीपीओ जगजीत सिंह,एसडीओ प्रिंस भूरा, पंचायत विभाग के एसडीओ अश्विनी साहनी,जेई कर्मबीर व कमल कुमार,शक्ति प्रमुख शमशेर मेहरा, ब्लाक समिति सदस्य बलिया राम व संजय गर्ग के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

भाजपा सरकार ने कल्याणकारी नीतियां लागू की : शमशेर सिंह

ढांड। मंडल प्रभारी भीम सैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए मंडल अध्यक्ष शमशेर सिंह बग्गा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

भारतीय जनता पार्टी की ढांड मंडल की बैठक स्थानीय राधाकृष्णन धर्मशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्ष पूर्व सरपंच शमशेर सिंह बग्गा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शमशेर सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया और संगठन को शक्ति केंद्र व बूथ अध्यक्ष को मिलने के लिए आगे की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। शमशेर सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश की जनता भाजपा के शासनकाल से बहुत खुश है क्योंकि पार्टी ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए अनेक प्रकार की नीतियां लागू कर गरीब आदमी को सशक्त एवं मजबूत बनाने का काम किया है। इस अवसर पर ढांड मंडल प्रभारी भीम सैन, जिला उपाध्यक्ष ईशम सिंह साकरा, ढांड मंडल पालक मुनीष कठवाड़, करोड़ा मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना,ब्लाक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि ईश्वर साकरा, महामंत्री सुखबीर सिंह कौल के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

कॉलेजों में दूसरी मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

कैथल। आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेते विद्यार्थी।

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल में प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। आज दूसरी मेरिट सूची के दाखिले का अंतिम दिन होने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी आए। यदि दूसरी मेरिट सूची के दाखिले की यह अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई जाती है तो यह स्पष्ट है कि 17 जुलाई को नए पंजीकरण के लिए पोर्टल फिर से खुल जाएगा और खुली प्रवेश और काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कॉलेज ने मास कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान जैसे नए पाठ्यक्रम भी शुरू किए हैं और इन सभी पाठ्यक्रमों में अलग-अलग 50 सीटें हैं। प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल ने कहा कि हमें दूसरी मेरिट सूची के अंत तक स्नातक कार्यक्रमों की सभी सीटें भरने की उम्मीद है और यदि कुछ सीटें खाली रहती हैं, तो छात्रों को खुली प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया में मौका दिया जाएगा।

सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक खुद पहुंच रहा: प्रो. दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी। मार्केट में दुकानदारों से मिलते हुए पूर्व विधायक प्रो . दिनेश कौशिक।

पूंडरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक के निवास पर हुई। जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद सभी कार्यकर्ता पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक के नेतृत्व में कैथल-करनाल व पाई रोड़ की मार्केट के दुकानदारों से डोर टू डोर जाकर मिले और पार्टी के साथ जुड़ने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक का सभी दुकानदारों ने स्वागत किया और आश्वासन दिलाया कि वे हर प्रकार से उनके साथ है। इससे पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्ष के शासनकाल में ही ये हो पाया कि युवाओं को नौकरियां योग्यता के आधार पर मिल रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ जैसे बुढ़ापा पेंशन, बेरोजगारी भत्ता व अन्य सुविधाओं का लाभ घर बैठे ही मिलना शुरू हो जाता है। जब भी कोई व्यक्ति योग्य होता है, अपने आप ही उसका नाम स्कीम में दर्ज हो जाता है।

बिजली विभाग किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान करें : राजीव आर्य

पूंडरी। पूंडरी में बिजली विभाग के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए भाकियू कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

पूंडरी। भारतीय किसान यूनियन की हल्का स्तरीय बैठक किसान भवन पूंडरी मे ब्लॉक प्रधान जोगिंदर जाजनपूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए युवाध्यक्ष ने कहा कि किसानों का धान का सीजन चला हुआ है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है। जिसे विभाग द्वारा तुरंत बढ़ाया जाए। जिन किसानों ने ट्रांसफार्मर व खंभे आदि की आवश्यकता है, उनकी तुरंत प्रभाव से पुरी की जाए। उन्होंने सरकार द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर के लिए 20 प्रतिशत राशि जमा करवाने का विरोध करते हुए कहा कि किसान नियमित रूप से अपने बिजली के बिल अदा करते है।

न्यूज डायरी

राजकीय स्कूल में चलाया जल संरक्षण अभियान

पाई। सोमवार को पाई गांव में ग्राम पंचायत के द्वारा जल संरक्षण अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने जल संरक्षण को लेकर गांव में मार्च निकाला गया। बच्चों ने जल बचाओ के नारे लगाकर आमजन को व्यर्थ बहते पानी को रोकने के लिए प्रेरित किया । इस से पहले सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल ने बच्चों को भी जल संरक्षण का महत्व बताया व अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रिंसिपल करनैल सिंह ने पंचायत के इस कार्य की सराहना की व धन्यवाद किया।

आमजन को नशा न करने बारे किया जागरूक

कैथल। पुलिस टीम द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा कैथल बस अड्डा, हनुमान वाटिका, कुतुबपुर, भानपुरा, गढ़ी, मानस, सीवन व सिरटा में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है।

शादी के नाम पर खरीद-फरोख्त करके लाई गई लड़कियों की सुरक्षा में आगे आई संस्था: राजेंद्र

पूंडरी। इम्पावर पीपुल्स संस्था ने गांव सिरसल ब्लाक पूंडरी जिला कैथल में महिलाओं को जागरूक किया। महिलाओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र प्रसाद कोऑर्डिनेटर हरियाणा ने कहा कि हमारी संस्था इम्पावर पीपल्स ब्राइड ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अन्य प्रदेशों से दुल्हन के रूप में लाई गई लड़कियों की खरीद-फरोख्त का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। हम ऐसी महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेंगे।

पूंडरी। गांव सिरसल में महिलाओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र।

खेड़ी रायवाली में धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण शिविर लगाया

राजौंद। उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सतीश नारा के निर्देशानुसार गांव खेड़ी रायवाली में धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानो को धान की सीधी बिजाई में आने वाली बीमारियों व समस्या के बारे बताया गया। खंड तकनीकी प्रबंधक डॉ अमनदीप ने धान की फसल में बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाइयों के प्रयोग के बारे में बताया। डॉ अमनदीप ने बताया कि धान की सीधी बिजाई में स्प्रे पीछे हटते हुए करना है ताकि जहां पैर के निशान हो वहां भी दवाई का छिड़काव हो जाएं और खतपतवार पैदा ना हो।

मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकलवाने के मामले में दूसरा आरोपी काबू

कैथल। पैसे निकालने में मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर करीब 3.75 लाख रुपए निकलवाने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह की अगुवाई में पीएसआई अमन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला हिसार के बरवाला निवासी राजेंद्र उर्फ सींद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया की थाना पूंडरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार 4 मई को वह अपने बैंक खाते से रुपये निकलवाने के लिए पूंडरी स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम पर गया था। जब वह पैसे निकाल रहा था तो उसी समय दो लडके उसके पीछे आ गए। उन्होंने उसकी रुपये निकालने में मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। बाद में उसके खाते से तीन लाख 74 हजार 997 रुपये निकाल लिए। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया पुलिस द्वारा उक्त मामले में पहले ही आरोपी जिला हिसार के बरवाला निवासी राहुल को गिरफ्तार कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। जो आरोपी राहुल के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक व 5 हजार रुपए बरामद किए गए।

सीवन। सीवन के कन्या स्कूल में विजेता छात्राओं के साथ स्कूल स्टाफ।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में सीवन कन्या स्कूल की छात्राएं रही अव्वल

सीवन। एस.सी.ई.आर.टी. गुरुग्राम हरियाणा द्वारा सोमवार को सीवन के पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिताएं जिला डाइट प्रवक्ता डॉ. राजकुमार की देखरेख में आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल व प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने प्रतियोगिताओं में प्रथम आए प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ. राजकुमार ने प्रथम विजेताओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 24 जुलाई को डाइट कैथल में आमंत्रित किया। प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने बताया कि अपने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कन्या स्कूल सीवन से स्लोगन प्रतियोगिता में मुस्कान, निबंध लेखन प्रतियोगिता में अनु, डिबेट प्रतियोगिता में रिहांशी, निबंध लेखन प्रतियोगिता में सहजप्रीत व डिबेट प्रतियोगिता में राधिका प्रथम रही। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कवारतन से स्लोगन प्रतियोगिता में नैन्सी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रह्नजी प्रथम रही। खेड़ी गुलाम अली के स्कूल से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशी प्रथम रही।

भाजपा राज में निरंतर बढ़ रही महंगाई और अपराध से जनता त्रस्त : दिलबाग

पूंडरी। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मा. दिलबाग सिंह ने कहा कि भाजपा राज में निरंतर बढ़ रही महंगाई और अपराध से जनता त्रस्त है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाए जाएंगे और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पुण्डरी में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगो से मिलते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में अपराध और महंगाई बड़े मुद्दे होंगे। लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए अभी एक माह ही हुआ है और इस अवधि में हरियाणा में अपराधियों ने व्यापारियों से लेकर आमजन तक का जीना मुश्किल कर दिया है। व्यापारियों से फिरौतियां मांगी जा रही हैं। गोलियां चलाकर मर्डर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। एक साधारण व्यक्ति अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पा रहा। एक व्यक्ति की औसत आय बहुत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर महंगाई पर अंकुश लगाया जाएगा।

स्वयं सेविकाओं ने मनाया वन महोत्सव

ढाड। पौधरोपण करते पदाधिकारी एवं स्वयं सेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढाड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के प्रांगण में महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई) द्वारा पौधरोपण जागरुकता अभियान के निमत्ति सात दिवसीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की संयोजिका डॉ. सोनिया रानी ने कार्यक्रम की वस्तिृत जानकारी देते हुए कहा कि कॉलेज परिवार महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के लिये अधिक से अधिक फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संक्षरण के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन सात दिनों में स्वयंसेवकों ने प्रत्येक दिन एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ राष्ट्र के नाम, एक पेड़ शहीदों के नाम, एक पेड़ पर्यावरण के लिए इत्यादि मुहिम के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न औषधीय और छायादार वृक्ष लगाए।

स्वामी गुरदेवानंद ने कैदियों को किया जागृत

कैथल। दव्यि ज्योति जाग्रती संस्थान द्वारा दव्यि गुरु आशुतोष महाराज जी के तत्वाधान में कैथल कारागार में तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। जिसके दौरान आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी गुरदेवानंद ने आध्यात्मिक रहस्यों से भरपूर प्रवचनों के द्वारा कैदी बंधुओं को जागृत किया। स्वामी जी ने कहा कि सर्व सामर्थ्यवान परमात्मा का अंश जीवात्मा जब इस नश्वर मानव तन को धारण करता है तो वह कुछ सीमाओं में बंध जाता है और उसका स्वभाव याचक की तरह होता है जो प्रत्येक कार्य को करने से पहले यह विचार करता है कि इस कार्य के द्वारा उसे क्या प्राप्त होगा। जीवात्मा का स्वभाव सदा से ही दैवीय गुणों से भरपूर है लेकिन विडंबना है कि वह दाता की संतान होकर भी एक याचक की तरह जीवन व्यतीत करता है।

अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की

एनआईआईएलएम विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कैथल। एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान एनआइआइएलएम के पदाधिकारी।

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. सुशील कुमार प्रिंसिपल राजकीय कॉलेज असंध ने शिरकत की। वशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. विकास आनंद पूर्व प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज रतिया एवं अतिवशिष्ठ अतिथि के रूप में प्राध्यापक डॉक्टर रविंद्र सिंह, डॉ. अनुराधा ,डॉक्टर मेहर सिंह, डॉक्टर रिंकू ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत आऐ हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.(डॉ.)शमीम शमीम अहमद ने इस एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई दी और कहा कि आज का युवा ही कल का भविष्य है इसलिए हम सबको युवाओं पर फॉक्स रखकर अपनी नीतियों का निर्माण करना होगा। डीन एकेडमक्सि अफेयर प्रो.आर.के गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। फैकेल्टी डेवलपमेंट सेंटर के निदेशक डॉक्टर संदीप सिहाग ने विश्व युवा कौशल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य रखते हुए प्रोफेसर सुशील कुमार ने कहा कि आज भी कई देश एवं समाज ऐसे हैं जहां भारी संख्या में बेरोजगारी है जो एक वैश्विक चिंता का विषय है ऐसे में उन्हें कुशल बनाने और उनकी क्षमता के विकास के लिए जन जागरण की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर रिचा मोर ,डॉक्टर रिषिका एवं प्राध्यापिका अंजू बाला ने किया। डॉक्टर एकता चहल एवं डॉक्टर पवित्रा ने इस अवसर पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.राजीव दहिया द्वारा स्मृति चन्हि देकर सम्मानित किया गया। डीन ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ.रेखा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों, प्राध्यापकगण एवं शौधार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, सभी प्राध्यापकगण एवं शोधार्थीगण मौजूद रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कैथल। लोक संपर्क विभाग की टीम कार्यक्रम का आयोजन करते हुए।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार के सफलतम साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की टीम जिले के सभी गांवों में जाकर भजनों एवं गीतों के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को कलाकारों की टीम ने बड़सीकरी कलां, बड़सीकरी खुर्द, मटौर, कमालपुर, भालंग, खेड़ी शेरखां, भानपुरा, धुंधरेहड़ी, कुतुबपुर तथा दीवाल गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए और हरियाणवी लोक शैली में ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से भी अवगत कराया गया। इसके साथा-साथ उन्होंने सामाजिक कुरीतियों जैसे नशा, भ्रूण हत्या आदि नहीं करने का गीतों के माध्यम से संदेश दिया। 16 जुलाई को विभागीय एवं सूचीबद्ध कलाकारों की टीम गांव लैंडरकीमा, लैंडरपीर जादा, मानस, बाबा लदाना, माघो माजरी, पट्टी कौथ, मानस-1, अटेला, धर्मपुरा, मांझला आदि में कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे जागरूक किया जाएगा।

खबर संक्षेप

गांव शिमला में मारपीट में व्यक्ति घायल

कैथल। जिले के गांव शिमला में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव शिमला के ऋषिपाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 जुलाई को जब वह गांव से जा रहा था तो सोनू ने अपने 5-6 अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

पौधा लगाकर नौवीं के नए सत्र का किया शुभारंभ

सफीदों। सफीदों के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे बुनियाद केंद्र में आज से कक्षा नौवीं के लिए नये सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल ने की। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। अपने संबोधन में योगेंद्रपाल सिंह ने बच्चों को वद्यिालय के नियमों से अवगत करवाते हुए कहा कि बच्चो को पढ़ाई पर विशेष फोकस करना चाहिए। इस अवसर पर डा. नवीन कुमार, पवन कुमार, रितु व जयप्रकाश मौजूद थे।

बोरिंग मशीन के नाम पर की धोखाधड़ी, केस

कैथल। सदर थाना में दी गई शिकायत में मानस निवासी कुलदीप उर्फ दीप ने बताया कि वह बोरिंग मशीन से ट्यूबवैल लगाने का काम करता है। उसने सात जून पंजाब के चम्मि मंडी नछत्तर सरदार जिसकी फर्म का नाम पानेसर है, जो एग्रीकल्चर वर्क्स की मशीनें बनवाने के लिए उससे दो लाख 10 हजार रुपये कैश उसके घर से ले गया व एक लाख 90 हजार रुपये 12 जून को उसके खाते में आरटीजीएस करवाई। इसके बाद उसके ताऊ के लड़के रामनिवास निवासी मानस ने एक बोरिंग मशीन की बात नछत्तर से की और रामनिवास ने ऑनलाइन नछत्तर सरदार के खाते में अपने रश्तिदार के माध्यम से रुपये डलवाए, जो नछत्तर से हमने एक महीने के अंदर दोनों को मशीन देने का वादा किया, लेकिन उसने हमें मशीनें देने के नाम पर झूठे आश्वासन दिए।

भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर जारी

सीवन। मां वैष्णो सेवा समिति के सदस्यों की एक बैठक सीवन में समिति के सदस्य राज कुमार रहेजा के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान कुलदीप शर्मा सीवन व नीटू चंचल ने की। बैठक में माता वैष्णो देवी कटरा, जम्मू व कश्मीर में लगाए जाने वाले 19वें वार्षिक भंडारे की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए समिति के वरिष्ठ सदस्य ललित मेहता बंटी व राज कुमार गोयल राज ने बताया कि इस बार के भंडारे को लेकर बैठकों का दौर जारी है। यह 4 दिवसीय भंडारा 4 स्थानों पर दिन व रात अटूट लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त निशुल्क चिकित्सा शिविर व जरूरतमंद लोगों को जर्सी वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल खेत्रपाल, राजीव गुप्ता, ललित सेठी, नीरज मक्कड़, रवन्द्रि सिंघानिया व अन्य सदस्य मौजूद थे।

समाधान शिविर का लाभ उठाएं जनता : एसडीएम

सफीदों। नगर के मिनी सचिवालय में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 17 फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। एसडीएम मनीष फोगाट ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में सबसे ज्यादा दरखास्त फैमिली आईडी में त्रुटी दूर करवाने से संबंधित थी जबकि एक शिकायत अन्य विभाग से सम्बंधित थी। एसडीएम ने बताया कि उक्त सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा गर्मी के सीजन के चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अधिकारियों को विशेष नर्दिश दिए गए हैं। जैसे-जैसे जन साधारण को समाधान शिविर के आयोजन की जानकारी मिल रही है।

बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों ने तीन घंटे संभाली कमान

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक रहे हड़ताल पर

- अस्पताल में 1950 ओपीडी हुई तीन घंटे तक भटके मरीज
- जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाएं रखी बहाल
- उपचार के लिए लोगों ने रहा इमरजेंसी का सहारा
- मेडिकल करवाने आए लोगों तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों के न होने से हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों ने सोमवार को सुबह नौ बजे से 11 बजे तक हड़ताल रखी। इस दौरान चिकित्सकों ने किसी भी तरह की ओपीडी नही की जबकि जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी, डिलवरी तथा पोस्टमार्टम जैसी अहम सेवाओं को बहाल रखा गया। हालांकि व्यवस्था के लिए बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों को बुलाया गया था लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के न मिलने से मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल गंभीर मरीजों को ही इमरजेंसी में उपचार मिल पाया और वहां भी लोगों की भीड़ रही। 11 बजे चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल समाप्त की और मरीजों को देखना शुरू किया।

हड़ताल के बावजूद निभाया नैतिक फर्ज, जनता से भी की अपील: हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सकों ने अपने नैतिक फर्ज को समझा है। सभी अस्पतालों में इमरजैंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया है। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

बीएमएस, एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों ने देखी ओपीडी: चिकित्सकों के हड़ताल पर रहने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बीएमएस व एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों को ओपीडी के लिए अस्पतालों में बुलाया गया। हालांकि विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के चलते आमजन को परेशानी हुई। जिसके चलते मरीजों का सारा भार इमरजेंसी पर आया। 1950 हुई ओपीडी,

स्पेशलिस्ट के लिए तीन घंटे तक भटके मरीज: जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां प्रतिदिन 1500 तक की ओपीडी होती है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर 1800 से दो हजार तक पहुंच जाती है। सोमवार को अस्पताल खुलने के साथ ही मरीज पहुंचना शुरू हो गए। 11 बजे के बाद ही चिकित्सक अपने कमरों में बैठे और ओपीडी की। पूरे दिन में 1950 ओपीडी हुई। अस्पताल में उपचार के लिए आई रेखा ने बताया कि उसकी पैर की हड्डी में दर्द है लेकिन चिकित्सक हड़ताल पर हैं। अब उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना होगा। वहीं दमे के रोगी विकास ने बताया कि उसे दवा लेनी थी और वह सुबह ही पहुंच गया था। यहां चिकित्सक हड़ताल पर थे।

जींद। अस्पताल के मेन गेट पर रोष जताते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

जींद। चिकित्सकों के कमरे के बाहर ओपीडी शुरू होते ही लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

दो से तीन बार स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर जानकारी उच्च अधिकारियों को उपलब्ध करवा दी गई है। अस्पताल में इमरजैंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा गया है। इसके अलावा बीएमएस व एनएचएम के तहत लगे चिकित्सकों ने उपचार किया है। उन्होंने स्वयं अस्पताल का दो से तीन बार दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया है।

मेडिकल के लिए भटकते दिखे युवा

सोमवार को हड़ताल के चलते चिकित्सकों ने तीन घंटे काम नही किया। जिसके चलते मेडिकल करवाने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। युवा राजेश व कर्मजीत ने बताया कि उनका सिलेक्शन केंद्र सरकार की सेवा में हुआ है। वो मेडिकल करवाने के लिए आए थे लेकिन चिकित्सक हड़ताल पर हैं। वो जल्द से जल्द मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाना चाह रहे थे लेकिन 11 बजे के बाद ही प्रक्रिया शुरू हो पाएगी।

इमरजेंसी वार्ड के आगे रही लोगों की भीड़

जिला में वैसे ही चिकित्सकों की भारी कमी है बावजूद इसके जितने भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक उपलब्ध हैं वो भी हड़ताल पर चले गए तो लोगों को उपचार के लिए भटकना पड़ा। हालांकि केवल इमरजैंसी सेवाएं ही बहाल रखी गई और पूरा दिन इमरजेंसी वार्ड के सामने उपचार के लेकर लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

एमपीएचडब्ल्यू ने काले बिल्ले लगा किया काम, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

जींद। सरकार द्वारा लंबित मांगों को लेकर लगातार की जा रही अनदेखी के खिलाफ सोमवार को हरियाणा के एमपीएचडब्ल्यू वर्ग ने सभी जिलों में काले बिल्ले लगा काम किया व सरकार के रवैये के खिलाफ रोष जताया तथा सीएमओ डा. गोपाल गोयल के माध्यम से मुख्यमंत्री व स्वास्थ्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर शीघ्र मांगें पूरा किए जाने की मांग की। जिला संयोजक शक्ति सिंह के नेतृत्व में एमपीएचडब्ल्यू सीएमओ कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए। राज्य संयोजन कमेटी सदस्य सुदेश रानी, संदीप कुंडू व जिला संयोजक शक्ति सिंह ने कहा कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की मांगें सहमति के बावजूद विभागीय कार्रवाई में उलझी हुई हैं। बार-बार आश्वासन के बावजूद मांगों की अधिसूचना जारी नहीं की जा रही है। जिससे प्रदेशभर में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में रोष व्याप्त है। कैडर की मुख्य मांगों में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के पदनाम संशोधित करने, एमपीएचडब्ल्यू को महिला एमपीएचडब्ल्यू को केंद्र के मूल वेतनमान 4200 ग्रेड पे का लाभ देने, रेगुलराइज पॉलिसी में शामिल करने, नए नॉर्म के नाम पर समाप्त पदों को बहाल करवाने व खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, प्रमोशन व कन्फर्मेशन सूचियां जारी करवाने, प्रमोशनल पे स्केल जारी करना शामिल है। सुदेश रानी ने कहा कि मांगों पर कार्रवाई न होने से एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में नाराजगी है।

मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए एमपीएचडब्ल्यूकर्मी।

कैथल: सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल, भटकते रहे मरीज

- ओपीडी में देरी होने के चलते लैब में भी सैंपल नहीं हो पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अपनी मांगों को लेकर सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने सोमवार को दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। हड़ताल के कारण अस्पताल में पहुंचे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल सुबह आठ बजे शुरू हो गई थी, जो सुबह 10 बजे तक रही। हड़ताल के दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं ही जारी रखी गई थीं। ओपीडी में देरी होने के चलते मरीजों के लैब में भी सैंपल नहीं हो पाए क्योंकि ओपीडी 8 की बजाय 10 बजे शुरू हुई थी। गौरतलब है कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेस एसोसिएशन के आह्वान पर मांगों को लेकर दो घंटे की हड़ताल का आह्वान किया था। सोमवार को सप्ताह का पहला दिन होने के चलते अस्पताल में भीड़ अधिक थी। इस कारण इलाज न होने से मरीजों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी। गौरतलब है कि जिला स्तर पर सामान्य अस्पताल में पहले से ही चिकित्सकों का काफी टोटा है। जबकि यहां पर इलाज करवाने के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या अधिक रहती है। इस समय जिले में चिकित्सकों के 149 पद हैं, लेकिन इसके मुकाबले में महज 90 के करीब ही चिकित्सक कार्यरत हैं। इसके साथ ही जिला नागरिक अस्पताल में 55 स्वीकृत पदों में से मात्र 15 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। इसके मुकाबले में 40 पद रिक्त हैं। 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 11 में एक भी चिकित्सक नहीं है। विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के कारण मरीजों की कठिनाइयां और अधिक बढ़ जाती हैं।

इलाज के लिए भटकते दिखाई दिए मरीज: गांव सिरटा से अपनी पत्नी सोनिया की दवा लेने के लिए पहुंचे राहुल कुमार ने बताया कि वह सोमवार को सुबह आठ बजे ही अस्पताल में पहुंच गया था। यहां पर आकर जानकारी मिली कि चिकित्सकों ने दो घंटे की हड़ताल की है।

कैथल। चिकित्सकों की हड़ताल के कारण इंतजार करते मरीज। फोटो : हरिभूमि

अलग से कैडर बनाने की मांग

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेस एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. ललित ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको लेकर सीएम ने भी घोषणा की थी, लेकिन उसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से भी कई बार मिल चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेस एसोसिएशन के आह्वान पर मांगों को लेकर चिकित्सकों ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की थी। यह हड़ताल सुबह 10 बजे तक जारी रही थी। इसके बाद सभी चिकित्सकों ने अपनी-अपनी ड्यूटी संभालते हुए मरीजों का इलाज किया था। हड़ताल के समय आपातकालीन सेवाएं बंद नहीं हुई थी। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह से जारी रही थी। यहां पर मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी गई।

- डॉ. सचिन मांडले, जिला प्रधान चिकित्सा अधिकारी जिला नागरिक अस्पताल, कैथल।

लौटना पड़ा वापस

गांव क्योड़क निवासी रामरती देवी ने बताया कि उसे पत्थरी की बीमारी है। वह इलाज करवाने के लिए सोमवार को अस्पताल में पहुंची थी, लेकिन यहां पर चिकित्सकों ने हड़ताल कर रखी थी। इसलिए यहां पर इलाज नहीं मिला और वह वापस गई। हड़ताल से पहले अस्पताल प्रबंधन को लोगों को जानकारी जरूर देनी चाहिए। सर्दिय में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते हैं।

मुख्य गेट पर चिकित्सक हुए एकत्रित, की हड़ताल

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के चिकित्सक नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और पूर्व निर्णयानुसार हड़ताल रखी। हड़ताल को लेकर एसोसिएशन सदस्यों द्वारा पहले ही सीएमओ डा. गोपाल गोयल को अवगत करवा दिया गया था। एचसीएमएस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा, डा. संदीप लोहान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि स्पेशलिस्ट कॉडर, पीजी कोर्स के बांड में कमी, एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने और केंद्रीय सरकारी डाक्टरों के समान एसीपी भत्तों की मांग पूरी नहीं होने पर डाक्टरों में नाराजगी बढ़ी है।

जींद। मांगों को लेकर धरना देते हुए पैंशनर्ज। फोटो : हरिभूमि

कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली पर रोष

जींद। हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन यूनिट ने सोमवार को कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली के रोष स्वरूप धरना दिया। धरने की अध्यक्षता रणबीर सिंह भोला ने की और मंच का संचालन रोशनलाल ने किया। यूनिट प्रधान जिले सिंह शर्मा ने बताया कि यूनिट के पदाधिकारी जब भी कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में पैंशनर्ज के लंबित पड़े मामालों को लेकर बातचीत करने के लिए जाते हैं तो बातचीत करने की बजाय पदाधिकारियों के साथ दुव्यवहार किया जाता है। पैंशनर्ज के जो कार्य कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में पैंडिंग हैं, उनमें डेली वेजिज के पद पर कार्यरत पैंशनर्ज की सेवा अवधि का पैंशन में लाभ न देना, सेवानिवृति की तिथि के बाद भी एलडीसी सही न मुख्यालय को भेजना, सेवानिवृति के दिन मिलने वाली एलटीसी का समय पर भुगतान न करके सेवानिवृति के बाद भुगतान में वत्तिीय नुकसान पहुंचाना, कैशलेस मेडिकल सुविधा के कार्ड बनाने के लिए कार्य न शुरू करना, जिस कारण पैंशनर्ज को काफी दक्कितों का सामना करना पड़ रहा है। धरने को देखते हुए कार्यकारी अभियंता अपने कार्यालय में नहीं आए।

व्यापारियों की दुर्दशा के लिए भाजपा जिम्मेदार

- मध्यम और लघु उद्योगों पर तालाबंदी करवाने में जुटी सरकार : रघबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान दौर में व्यापारियों, दुकानदारों की दुर्दशा के लिए पूरी तरह से भाजपा सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि भाजपा चंद उद्योगपतियों के इशारे पर कार्य करते हुए मध्यम और लघु उद्योगों पर तालाबंदी करवाने में जुटी हुई है। इसलिए ऐसे नियम लागू कर दिये हैं जिन पर अमल करना आसान नहीं है। इसलिए, मध्यम और लघु उद्योग बंद हो रहे है। रघबीर भारद्वाज ने ये वक्तव्य शहर की पुरानी अनाज मंडीए काठ मंडीए, इंदिरा बाजारए पालिका बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों से रूबरू होने के दौरान कहे। भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में व्यापारी पूरी तरह से भय के साये में कार्य कर रहा है। खुद को असुरक्षित मान कर व्यापारी अपनी सुरक्षा की उम्मीद अब पूरी तरह से कांग्रेस से करने लगा है। क्योंकि भाजपा पिछले 10 वर्षों में कानूनी व्यवस्था बनाने में पूरी तरह से फैल रही। इसलिए असामाजिक तत्व दिन दहाड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इस दौरान दुकानदारों और व्यापारियों ने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ 60 साल पार करने वाले उन व्यापारियों को पैंशन दी जाए जन्हिोंने जीएसटी और अन्य टैक्स भरने में संजीदगी दिखाई है। क्योंकि टैक्स देना देश और समाज को मजबूती देता है। इसलिए सरकार का भी फर्ज बनता है कि जब व्यापारी कार्य करने में सक्षम ना रहे तो उसे पेंशन दी जाए। कांग्रेस की सरकार पर दुकानदारों और व्यापारियों को राहत देगी।

जींद। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज जन संपर्क अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जींद। विजेता कैडेट्स को सम्मानित करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एटीसी कैंप के आठवें दिन कैडेट्स की एक्सटम्पोर स्पीच प्रतियोगिता करवाई

जींद। 15 हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा सीआरएसयू में आयोजित एटीसी कैंप के आठवें दिन कैडेट्स की एक्सटम्पोर स्पीच प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर कर हस्सिा लिया। पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ा कर प्राकृतिक आपदाओं से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में फस्ट ऑफिसर रविता ने जानकारी दी। कैंप के दौरान हुई विभन्नि प्रतियोगिताओं जैसे वालीबॉल, शोबॉल, आर्टिकल लेखन, पोस्टर मेकिंग, एक्सटम्पोर के विजेताओं को बटालियन द्वारा सम्मानित किया गया। एनसीसी केयरटेकर ट्रेनिंग में एनसीसी अधिकारी संजय भारद्वाज द्वारा डॉक्यूमेंटेशन इन एनसीसी की वस्तिृत जानकारी दी। विभन्नि स्कूल कॉलेजों से आए केयर टेकर को एनसीसी में कैडेट्स के ऑनलाइन एनरोलमेंट के बारे में जानकारी दी गई। कैडेट्स को शाम के वक्त टेंट लगाने के बारे में सिखाया गया।

कालवा में नाबालिग लड़की बालिका वधु बनने से बची

- लड़की के जन्म संबंधित कागजों में लड़की निकली नाबालिग
- परिजनों को बाल विवाह कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम ने कालवा में एक बालिका को बाल वधु बनने से बचाया। टीम ने बाल विवाह की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को फिर से विवाह न करने के लिए चेताया। इसके अलावा बाल विवाह अधिनियम की जानकारी भी दी। जिस पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान को सूचना मिली थी कि गांव कालवा में एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही है और बारात कैथल जिले से आने वाली है। इस पर कार्रवाई करते हुए सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान, महिला सिपाही आरती, नीलम, सिपाही सुरेंद्र, ओमप्रकाश के साथ मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा लड़की के परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने पहले तो टाल मटोल करने की कोशिश की और शादी ना होने की बात कही लेकिन जब मौके पर अन्य मौजिज व्यक्तियों को बुलाया गया तो लगभग दो घंटे के बाद जो सबूत दिखाए गए। जिसमें लड़की की उम्र साढ़े 17 वर्ष पाई गई। इस पर उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि लड़की के माता-पिता अनपढ़ हैं। जोकि उसके पिता बीमार रहते हैं और उसे किसी कानून की कोई जानकारी नहीं है।

राजकीय आईटीआई में धूमधाम से मनाया वर्ल्ड यूथ स्किल डे

शांति-विकास को युवा बनें कौशल: सतीश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल व महिला कैथल द्वारा 15 जुलाई को संयुक्त रूप से वर्ल्ड यूथ स्किल डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाषण, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, सोलो डांस प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लेकर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। विद्यार्थियों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। छात्राओं ने पंजाबी, हरियाणवी तथा धार्मिक गीत प्रस्तुत किए तथा पंजाबी भंगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत संस्थान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संस्थान में विभिन्न तरह के 170 पौधे रोपे गए। इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने कहा कि हुनर है तो कदर है। यदि सभी विद्यार्थी अपने-अपने कार्स में पूरी तरह से पारंगत होंगे तो ही वर्ल्ड यूथ स्किल डे मनाने का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने बताया कि यदि आपमें किसी भी प्रकार का कौशल है तो उसे पूरी तरह से निखारें। इसके लिए आईटीआई के अलावा सरकार द्वारा विभन्नि प्रकार की योजनाएं क्रियान्वित की हैं। आज की युवा पीढ़ी आईटीआई के विभन्नि कोर्सों के माध्यम से अपने कौशल को निखारते हुए सरकारी व गैर सरकारी नौकरी हासिल कर रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से देश व समाज का आर्थिक विकास संभव है। इसके साथ ही इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि शांति और विकास के लिए युवाओं का कुशल होना अनिवार्य है।

कैथल। प्रतिभागियों को सम्मानित करते जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि